न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हिण्डौन (करौली)

पीठासीन अधिकारी :—हेमराज गुर्जर (आरएएस)
प्रकरण सख्या:—175/2019 दायर दिनांक:— 06.12.2019

जीसीएमएस नं. 2019/00378

उनवान

रामरूप पुत्र बसन्ता जाति जाटव निवासी नंदी का पुरा हुक्मीखेडा तहसील हिण्डौन जिला करौली राजस्थान

——सायल

बनाम

रामजीलाल पुत्र सरवन जाति जाटव निवासी नंदी का पुरा हुक्मीखेडा तहसील हिण्डौन जिला करौली राजस्थान

——गैरसायलान—08

प्रार्थना पत्र बाबत अस्थायी निषेधाज्ञा

निर्णय दिनांक:— 26/7/24

संक्षिप्त मामला इस प्रकार है कि उक्त प्रकरण राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 212 के तहत दर्ज किया गया था उक्त प्रकरण में सायलान एवं सायलान वकील आज दिनांक को उपस्थित नहीं प्रकरण में बार—बार सायलान एवं सायलान वकील को आवाज दिलवाई गयी आवाज दिलवाने के बाबजूद सायलान एवं सायलान वकील उपस्थित नहीं। प्रकरण दिनांक 13.01.2019 से आज दिनांक तक तलवाना में विचाराधीन है। जिससे जाहिर होता है कि सायलान एवं सायलान वकील प्रकरण को आगे चलाने में रूचि नहीं ले रहे है। सायलान एवं सायलान वकील द्वारा न्यायालय आदेशों की अवहेलना की जा रही है। अतः मुकदमा न0 175/2019 रामरूप बनाम रामजीलाल आदेश 9 नियम 5 सीपीसी के तहत अदम हाजिरी व अदम तकमील/पालना में खारिज किया जाता है।

यह निर्णय आज दिनांक 26.07.2024 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Hemraj Gurjar
Date: 2025.06.26 14:59:10 IST
Reason: SelfAttested

(हेमराज गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन, जिला करौली